Government Degree College Nainbagh

N. G. Road Nainbagh (Tehri Garhwal)-249186, Uttarakhand

(Affiliated to Sri Dev Suman Uttarakhand University, Badshahithaul, Uttarakhand)

Website: http://gdcnainbagh.in **Email:** principalgdcnainbagh2001@gmail.com

Cultural Committee

<u>Name of Activity-Competitions on issues of G20</u>

Date:08 April 2023

1. **Essay (No. of participants -17)**
   - i. Mutual cooperation among G20 countries for economical and financial situation
   - ii. Impact of India on global economy
   - iii. Health facilities in India: Challenges and opportunities
2. **Poster (No. of participants -11)**
   - iv. Climate change: Dimensions and Result
   - v. Various dimensions of Environment Conservation
   - vi. New dimensions of Renewable Energy
3. **Slogan (No. of participants -8)**
   - vii. Health facilities in India: Challenges and opportunities
   - viii. Self-reliance through Organic Farming
4. **Speech (No. of participants -5)**
   - ix. Prevention from pandemic COVID 19
   - x. Digital transformation of education during COVID 19.
5. **Quiz (No. of participants -33)**

   All the above topics.



Government Degree College Nainbagh

N. G. Road Nainbagh (Tehri Garhwal)-249186, Uttarakhand

(Affiliated to Sri Dev Suman Uttarakhand University, Badshahithaul, Uttarakhand)

Website: http://gdcnainbagh.in **Email:** principalgdcnainbagh2001@gmail.com

my city | देहरादून | रविवार • 09.04.2023

अमर उजाला

amarujala.com/dehradun

प्रतियोगिता के विजेता पुरस्कृत

मसूरी। राजकीय महाविद्यालय नैनबाग में भारत को जी-20 की अध्यक्षता मिलने को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान विभिन्न प्रतियोगिता के विजेता छात्रों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य प्रो. सुमिता श्रीवास्तव ने की। डॉ. मधु बाला जुवांठा ने जी 20 के कार्यक्रमों की की जानकारी दी।

निबंध प्रतियोगिता में संदीप प्रथम, शिवानी द्वितीय, संगीता तृतीय रहीं। पोस्टर में अंजलि विश्वकर्मा, ईशा, अनुज, स्लोगन में शिवानी, गुनगुन, सागर, भाषण में अंकुश, अजय धीमान, आशिका क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय रहे। क्विज में संगीता प्रथम, सागर द्वितीय और शिशुपाल सिंह तृतीय रहे। संवाद

RNI: UP HIN 2016/71045

REG. BY MINISTRY OF INFORMATION & BROADCASTING

दैनिक बुलन्द वाणी

मज़लूमों की आवाज...

NATIONAL HINDI NEWS WEB PORTAL

08-अप्रैल-2023 | संजय कुमार राजपूत

राजकीय महाविद्यालय नैनबाग में हुआ G-20 पर आधारित विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन।

टिहरी गढ़वाल, नैनबाग। राजकीय महाविद्यालय नैनबाग में भारत को G-20 की अध्यक्षता करने के ऐतिहासिक अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न प्रासंगिक विषयों पर प्रतियोगिता व पुरस्कार वितरण का आयोजन किया गया । कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर सुमिता श्रीवास्तव द्वारा किया गया प्राचार्य ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि जागरूकता कार्यक्रम का उद्देश्य युवा पीढ़ी को समसामयिक वैश्विक मुद्दों के प्रति जागरूक करना व युवाओं की सहभागिता को बढ़ावा देना है । प्राचार्य द्वारा छात्र-छात्राओं को भारत G-20 की अध्यक्षता में उत्तराखंड में आयोजित होने वाली विभिन्न गतिविधियों के सम्बन्ध में जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम की संचालिका डॉ0 मधु बाला जुवाँठा ने भारत की अध्यक्षता में वर्ष भर चलने वाले जी-20 कार्यक्रमों की श्रृंखला पर प्रकाश डाला। जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित निबंध प्रतियोगिता के विषयों में "आर्थिक वित्तीय स्थिति हेतु जी-20 देशों में पारस्परिक सहयोग", "वैश्विक अर्थव्यवस्था पर भारत का प्रभाव" एवं भारत में स्वास्थ्य सुविधाएं चुनौतियां एवं अवसर पोस्टर प्रतियोगिता में "जलवायु परिवर्तन आयाम और परिणाम", "पर्यावरण संरक्षण के विविध आयाम" व नवीकरणीय ऊर्जा के नए आयाम", स्लोगन प्रतियोगिता में "भारत में स्वास्थ्य सुविधाएं चुनौतियां एवं अवसर "जैविक खेती द्वारा आत्मनिर्भरता", भाषण प्रतियोगिता में "कोविड-19 वैश्विक महामारी की रोकथाम एक प्रयास", व "कोविड-19 वैश्विक महामारी में शिक्षा का डिजिटल ट्रांसफॉरमेशन" जैसे समसामयिक विषयों को सम्मिलित किया गया। क्विज प्रतियोगिता के अंतर्गत उपरोक्त समस्त विषयों से संबंधित प्रश्नों को शामिल किया गया। प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं के द्वारा बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया गया। निबंध प्रतियोगिता में संदीप ने प्रथम स्थान शिवानी ने द्वितीय व संगीता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया, पोस्टर प्रतियोगिता में अंजलि विश्वकर्मा प्रथम, ईशा द्वितीय व अनुज तृतीय, स्लोगन प्रतियोगिता में शिवानी प्रथम, गुनगुन द्वितीय व सागर तृतीय, भाषण प्रतियोगिता में अंकुश प्रथम, अजय धीमान द्वितीय व आशिका तृतीय, क्विज प्रतियोगिता में संगीता प्रथम, सागर द्वितीय और शिशुपाल सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में डॉ0 ब्रिश कुमार, श्री परमानंद चौहान, श्री संदीप, डॉ0 दिनेश चंद्र श्री चतर सिंह, श्री सुशील चंद्र, श्री दिनेश कुमार, श्री भुवन चंद्र, श्री रोशन सिंह, श्री अनिल सिंह व श्री रोशन सिंह उपस्थित रहे।

विज्ञापन, समाचार, लेख, कहानी आदि प्रकाशित कराने के लिए

सम्पर्क करें

राष्ट्रीय:- +919760241521, उत्तराखंड : 8923196960

Organizing Secretary
Dr. Madhu Bala Juwantha
Mobile No:7895506080

Prof. Sumita Srivastava
Principal
Government Degree College, Nainbagh
Tehri Garhwal
Mobile No. 8077919619

Principal
Govt. Degree College
Nainbagh (Tehri Garhwal)